पूर्व राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम का भाजपा नेता ने किया स्वागत

करौली में देवनारायण कार्यक्रम के तहत पीले चावल लेकर न्यौता स्वीकार करते भाजपा नेता सतवीर सिंह चंदेला (दाये से प्रथम)।

करौली (नि.स.)भाजपा में रहे पूर्व राज्यमंत्री व डांग विकास बोर्ड अध्यक्ष जवाहर सिंह बेडम का सतवीर चंदीला के कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया इस दौरान चंदीला ने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र की समस्याओं व विकास को लेकर चर्चा की और 28 जनवरी को होने वाले भगवान देवनारायण के 1111वें जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को भीलवाड़ा के मालासेरी डूंगरी आएंगे।

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण व पीले चावल देकर निमंत्रण दिये जा रहे है। सतवीर चंदीला ने बताया 28 जनवरी को करौली विधानसभा क्षेत्र से भगवान देवनारायण के 1111वें जन्मोत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचेंगे स्वागत के दौरान गुडला सरपंच प्रतिनिधि शेरा बैंसला, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह डागुर, समाजसेवी बबलू शुक्ला,भाजपा नेता भानु प्रताप उर्फ़ बटरू गुर्जर,हरि भाटी,अमर सिंह फौजी,मुन्ना चेची,भाजपा महामंत्री शिवराम बनकी, शिवकेश गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व श्री देवनारायण भगवान जयंती समिति चांदन गांव श्री महावीरजी समिति के अध्यक्ष महाराज सिंह गुर्जर, महामंत्री समय सिंह गुर्जर, कोषाध्यक्ष नंगूराम गुर्जर सहित पंच पटेल,भाजपा नेता सतवीर सिंह चंदीला के कार्यालय पर पहुंचे जहां उन्होंने 26 और 27 जनवरी को चांदन गांव महावीरजी में श्री देवनारायण भगवान जयंती के अवसर पर होने वाले आयोजन के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा वही भाजपा नेता ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस अवसर पर मेरा सौभाग्य है कि आप लोगों ने मुझे आमंत्रण पत्र सौंपा है में अवश्य रूप से भाग लेकर भगवान देवनारायण का आशीर्वाद लूंगा।

21 कार्मिक सम्मानित

करौली (नि.स.) जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर सूचना केन्द्र के टाउन हॉल मे आयोजित कार्यक्रम मे जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव के कार्य मे जिला,प्रदेश व देश मे सफल चुनाव कराने के संबंध मे अन्य कार्मिको के साथ बीएलओ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

उन्होने बताया कि देशभर मे 10 हजार से ज्यादा बीएलओ कार्य कर रहे है इनका सफल चुनाव कार्य मे महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होने बताया कि चुनाव आयोग ने पहली बार 17 वर्ष से उपर वाले मतदाताओं का प्री-पंजीकरण का महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ किया है।

छात्राओं को 84 स्कूटी का वितरण

भरतपुर (निस)। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रामेष्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में कुल 84 स्कूटी का वितरण किया गया। जिसमें से कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना के अंतर्गत 46 स्कूटी व देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत 38 स्कूटियों का वितरण, महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य मधु शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया। नोडल ऑफिसर विनय खण्डेलवाल ने बताया कि अब तक कुल 223 स्कूटियों का वितरण हो चुका है उसमें से 124 देवनारायण स्कीम के तहत तथा 99 कालीबाई योजना के तहत स्कूटियों का वितरण हो चुका है।

कार्यालय आवासीय अभियंता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब, जयपुर (उपखण्ड दौसा)
(Email Id: rech.rhb@rajasthan.gov.in)

आवश्यक सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 1/239, स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर, क्षेत्रफल 44.85 वर्गमीटर का आवंटन श्री रमेश बच्चानी पुत्र श्री सच्चल मल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 11300 दिनांक 04.03.1987 को जारी किया गया था व मूल आवंटी को कब्जा दिनांक 07.11.1987 को संभलवा दिया गया। तत्पश्चात मूल आवंटी श्री रमेश बच्चानी की दिनांक 05.05.2022 को मृत्यु हो जाने के पश्चात उनकी उत्तराधिकारी पत्नि श्रीमति सुषमा बच्चानी ने उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है। अतः आवास संख्या 1/239 स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित उत्तराधिकारी श्रीमति सुषमा बच्चानी पत्नि स्व.श्री रमेश बच्चानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब जयपुर

कार्यालय आवासीय अभियंता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब, जयपुर (उपखण्ड दौसा)
(Email Id: rech.rhb@rajasthan.gov.in)

आवश्यक सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 1/237, स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर, क्षेत्रफल 44.85 वर्गमीटर का आवंटन श्री ईश्वर लाल पुत्र श्री परस राम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1467 दिनांक 02.11.1987 को जारी किया गया था व मूल आवंटी को कब्जा दिनांक 15.12.1987 को संभलवा दिया गया। तत्पश्चात मूल आवंटी श्री ईश्वर लाल की दिनांक 26.05.2009 को मृत्यु हो जाने के पश्चात उनकी उत्तराधिकारी पत्नि श्रीमति सावित्री ने उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है। अतः आवास संख्या 1/237 स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित उत्तराधिकारी श्रीमति सावित्री पत्नि स्व. श्री ईश्वर लाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब जयपुर

भागवत कथा के चतुर्थ दिन कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही

मेहंदीपुर बालाजी में चल रही भागवत कथा सुनने के लिए चौथे दिन भी काफी श्रद्धालु पहुंचे।

मेंहदीपुर बालाजी (नि.सं.)। आस्था धाम मेहंदीपुर बालाजी में चल रही भागवत कथा कथा के चतुर्थ दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रतिदिन की भांति 12:30 बजे भागवत कथा शुरू हुई। जिसमें पीठाधीश्वर महंत नरेश पुरी महाराज ने भागवत व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर महा आरती की। इस दौरान भक्तों से पाण्डल पूरा भर गया।

प्रसिद्ध भागवत आचार्य मृदुल कृष्ण शास्त्री ने कथा में चतुर्थ दिन भागवत कथा का वर्णन करते हुए कहा कि माया भक्त को भगवान से दूर करती है।जिसको माया तंग करती है उसको भगवान का गुणगान करना चाहिए। भगवान के शरण से ही माया से मुक्ति मिल सकती है। साधन भक्ति करने से क्लेश खत्म होता है। घर में मंगल होता है ।माता-पिता को अपने पुत्र पुत्रियों को आत्मनिर्भर और साहसिक बनाना चाहिए। जो पुत्र माता-पिता और गुरु भक्त होगा। बालक संस्कार युक्त शिक्षा देने से वही बालक राष्ट्र भक्त बन सकता है। माता-पिता को अपने बच्चों से अच्छे बनने का संकल्प करना चाहिए। ताकि वह आगे बढ़कर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर सकें। पांच कारणों से व्यक्ति तनाव में होता है चिंता, भय , अतिलोभ, वि चारों का समाजस्य नही होना। वही ध्रुव महाराज की कथा सुनाई।वही अजामल की भी कथा सुनाई।